# RAM NIRIKSHAN ATMA RAM COLLEGE
## SAMASTIPUR - 848 101, Bihar
(A Constituent Unit of L.N. Mithila University, Darbhanga)

---

Notice No.- 48 **नामांकन सूचना** Date:-27.06.2026

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण, ल. ना. मि. विश्वविद्यालय, कामेश्वरनगर, दरभंगा के पत्रांक–छा0 क0–51/26; दिनांक–26.06.2026 के आलोक में समर्थ पोर्टल के माध्यम से चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला एवं विज्ञान (प्रतिष्ठा) सत्र: 2026–30 (सी0 बी0 सी0 एस0) के वैसे छात्र/छात्राएँ जिनका नाम इस महाविद्यालय के प्रथम चयन सूची में नामांकन हेतु प्रकाशित हुआ है, वैसे सभी चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन महाविद्यालय के वेबसाइट www.rnarcollege.online पर ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 28.06.2026 से 06.07.2026 तक लिया जायेगा।

चयनित छात्र/छात्राएँ नामांकन के लिए नीचे दिये गये निम्नांकित आवश्यक कागजात महाविद्यालय के *अभिलेख सत्यापन कोषांग से सत्यापित* कराने के पश्चात् कार्यालय के काउण्टर नं. 01/02 पर ऑनलाइन सत्यापन कराते हुए महाविद्यालय के वेबसाइट पर ऑनलाइन नामांकन करेंगे–

- एडमिशन अलॉटमेंट/सेलेक्शन लेटर– 1 प्रति
- कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म (सी. ए. एफ.) – 1 प्रति
- महाविद्यालय/विद्यालय परित्याग/स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र की मूल प्रति
- मैट्रिक का अंक पत्र (स्व0 अभिप्रमाणित)– 1 छाया–प्रति
- इन्टर का प्रवेश पत्र (स्व0 अभिप्रमाणित)– 1 छाया–प्रति
- इन्टर का अंक पत्र (स्व0 अभिप्रमाणित)– 1 छाया–प्रति (सत्यापन के लिए इन्टर का मुल अंक–पत्र लाना अनिवार्य है)
- प्रवजन (Migration) प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (बिहार बोर्ड से उत्तीर्ण छात्रों को छोड़कर अन्य सभी बोर्ड के अभ्यर्थियों के लिए)
- जाति प्रमाण पत्र/आय प्रमाण पत्र/EWS की छाया–प्रति ( जिसके लिए लागु हो) (स्व0 अभिप्रमाणित प्रति)– 1 प्रति
- आधार कार्ड की छाया–प्रति जिस पर मोबाइल नं0 अंकित हो (स्व0 अभिप्रमाणित) 1 प्रति
- रंगीन पासपोर्ट साईज अधतन फोटो – 2 प्रति
- ABC/ APPAR ID (स्व0 अभिप्रमाणित) – 1 छाया–प्रति

ऑनलाइन नामांकन करने के तुरन्त बाद पेमेंट किया गया नामांकन स्लिप 02 प्रति के साथ उपर्युक्त वर्णित सभी कागजात महाविद्यालय में स्वंय उपस्थित होकर काउन्टर नं. 03/04 पर निश्चित रूप से जमा करेंगें एवं एक हस्ताक्षर किया गया नामांकन स्लिप प्राप्त कर लेंगे अन्यथा आपका नामांकन वैध नहीं होगा।

नोटः–छात्र/छात्राएँ नामांकन प्रकिया में संलग्न शिक्षकों/शिक्षकेत्तर सहकर्मियों के निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे। किसी प्रकार की अनुशासनहीनता आपके नामांकन को रद्द करने का कारण बन सकती है।

छात्रहित में महाविद्यालय संबंधित सूचना हेतु
WhatsApp Channel QR Code Scanner ⟶

R.N.A.R. College

(प्रधानाचार्य के आदेशानुसार)

Raushan 27/06/2026

R. Raushan 27/06/2026
नामांकन प्रभारी

Principal
R.N.A.R. College
Samastipur

# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004


पत्रांकः छ० क्र० – 51/26 दिनांक 26/06/2026

सेवा में,

प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य,

सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– समर्थ पोर्टल के माध्यम से चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2026–30 (सी0बी0सी0एस0) में नामांकन हेतु प्रकाशित प्रथम चयन सूची से नामांकन संबंधी दिशा–निर्देश।**

**महाशय / महाशया,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र– 2026–30 सी0बी0सी0एस0 के तहत नामांकन हेतु चयन सूची विश्वविद्यालय के बेवसाईट www.lnmu.ac.in पर जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थियों का नामांकन हेतु चयन उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये महाविद्यालय–वरीयता, अन्तर–स्नातक के प्राप्तांक के आधार पर तैयार मेधा अंक एवं राज्य सरकार के आरक्षण नियमावली के अनुसार किया गया है। प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि चयन सूची के आधार पर ***दिनांक– 28.06.2026 से 06.07.2026 तक*** आवंटित विषय में ही छात्र–छात्राओं का नामांकन लिया जाय। नामांकन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिये जाने की आवश्यकता हैः–

1. अभ्यर्थी अपना चयन–पत्र (Selection letter) या यूजर आई डी (ई–मेल) एवं पासवर्ड (Password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर अपना सेलेक्शन लेटर डाउनलोड कर सकते हैं।
2. यह चयन सूची आवेदकों द्वारा आवेदन में भरे गये तथ्यों के आधार पर तैयार की गयी है। अतएव ***प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य आवेदकों द्वारा आवेदन प्रपत्र में भरे गये तथ्यों की जाँच अभिलेख सत्यापन कोषांग (Paper Verification Cell) द्वारा सत्यापन करने के उपरान्त सभी प्रकार से सही पाये जाने की स्थिति में ही नामांकन सुनिश्चित करेंगे।***
3. आरक्षण कोटि एवं लिंग (Gender) में कोई भी परिवर्तन महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा। यदि छात्र / छात्रा आरक्षरण कोटि के अधीन नामांकन हेतु आवेदन किये हैं, तो ऐसे अभ्यर्थी के आरक्षण कोटि के प्रमाण–पत्रों की जाँच कर नामांकन लेंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये आरक्षण कोटि के आधार पर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर ऐसे अभ्यर्थी का नामांकन नहीं लेगे तथा ऑनलाईन आवेदन में किसी अभ्यर्थी द्वारा अर्हता (प्राप्तांक) संबंधी गलत सूचना दी गयी हो तो चयन सूची से नामांकन के उपरान्त भी वैसे अभ्यर्थी का नामांकन महाविद्यालय द्वारा नहीं लिया जाय। यदि नामांकन के उपरान्त भी अभ्यर्थी का आरक्षण कोटि, प्राप्तांक एवं लिंग संबंधी कोई विसंगति उजागर होती है तो, ऐसे अभ्यर्थी का नामांकन को रद्द करते हुए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को सूचित करेंगे।

4. महाविद्यालय समर्थ पोर्टल पर प्रत्येक दिन नामांकित अभ्यर्थी का Admission Update अनिवार्य रूप से करेंगे। Update करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि नामांकित अभ्यर्थियों की ही प्रक्रिया की जा रही है। Admission Update करने का Flow Chart मेल के साथ संलग्न किया जा रहा है। Update करने में किसी भी तरह की असुविधा होने पर छात्र–कल्याण कार्यालय से कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते हैं।

***सहायता के लिये जिलावार व्यक्तियों की जानकारी इस प्रकार है:–***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. बेगूसराय | – | मुरारी कुमार (TSA) | – | 9304667075 |
| 2. समस्तीपुर | – | संजीव कुमार सुमन (TSA) | – | 9354426866 |
| 3. दरभंगा | – | राजीव यादव (TSA) | – | 9807994665 |
| 4. मधुबनी | – | यश प्रताप (TSA) | – | 8969768749 |

5. नामांकित अभ्यर्थी का MIC और MDC एवं अन्य विषय का निर्धारण बाद में किया जायेगा।
6. **किसी भी महाविद्यालय को अलग से नामांकन–फॉर्म वितरण करने की आवश्यकता नहीं है। ध्यातव्य है कि राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में सभी कोटि की महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं से नामांकन संबंधी शुल्क नहीं लिया जाता है।**
7. चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– 2026–30 में नामांकित अभ्यर्थी का प्रेरण वर्ग (Induction Programme) आयोजित कर ***वर्गारंभ दिनांक–07.07. 2026 से करेंगे।***
8. परीक्षा संबंधी विनियमन के अनुसार छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। कम उपस्थिति वाले छात्र/छात्राओं की सूचनायें सभी प्रधानाचार्य ससमय परीक्षा नियंत्रक के दे देंगे।
9. नामांकन के समय निम्नांकित कागजात छात्र/छात्राओं से लिए जाएँ:–

**क)** एडमिशन सेलेक्शन लेटर।

**ख)** कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म (सी0 ए0 एफ0)

**ग)** महाविद्यालय/विद्यालय परित्याग/स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।

**घ)** अन्तर स्नातक या समकक्ष परीक्षा का प्रवेश पत्र की छाया–प्रति। (स्व–अभिप्रमाणित)

**ङ)** अंक–पत्र की छाया–प्रति। (स्व–अभिप्रमाणित)

**च)** पासपोर्ट साईज अद्यतन रंगीन फोटो की दो प्रतियाँ। (फोटो के पीछे अपना नाम, विषय आवश्य लिखे)

**छ)** जाति प्रमाण–पत्र/आय प्रमाण–पत्र आदि (जिसके लिये लागू हो)। (स्व–अभिप्रमाणित)

**ज)** आधार कार्ड की छाया–प्रति। (यदि हो) (स्व–अभिप्रमाणित)

**झ)** प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति (जिसके लिये लागू हो)। (नामांकन के समय अनुपलब्धता की स्थिति में दो सप्ताह के अभ्यंतर प्राप्त करने का आवेदन)

उपरोक्त वर्णित कागजातों की जाँच करने के उपरान्त ही नामांकन लिया जाय।

नोटः—1) प्रधानाचार्य नामांकित अभ्यर्थियों का अपडेट यदि किसी कारणवश नहीं कर पाये हों तो समर्थ पोर्टल पर दिनांक— 09.07.2026 के 2:00 बजे अपराह्ण तक निश्चित रूप से अपडेट कर लेंगे, जिन अभ्यर्थियों के नामांकन को महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन के माध्यम से अंतिम रूप से **Update** नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र नामांकन हेतु महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए। इसके उपरान्त अपडेशन संबंधी किसी भी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा। अपडेशन में यदि किसी भी तरह की कठिनाई होती है तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सम्पर्क करें। प्रथम चयन सूची के आधार पर लिये गये नामांकन के उपरान्त कोटिवार बचे हुए रिक्त सीट पर विश्वविद्यालय द्वारा द्वितीय चयन सूची जारी किया जायेगा।

2) ससमय वर्गारम्भ के दृष्टिकोण से प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि अवकाश के दिनों में भी नामांकन हेतु आवश्यक व्यवस्था करेंगे।

3) सभी महाविद्यालयों की प्रथम चयन सूची ई—मेल के साथ संलग्न है।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

26.6.26

अध्यक्ष,छात्र—कल्याण

Estd. – 1968

# RAM NIRIKSHAN ATMA RAM COLLEGE

## SAMASTIPUR- 848101 (BIHAR)

(A Constituent unit of L.N. Mithila University, Kameshwarnagar, Darbhanga)

06274-222168 E-mail: principalrnar@yahoo.in Website: www.rnarlnmu.ac.in

Ref. 49 **Office of the Principal** Date:- 27.06.2026

### चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2026–30 (सी. बी. सी. एस.) के लिए कला एवं विज्ञान से संबंधित विषय में नामांकन के लिए महत्वपूर्ण बिन्दु/निर्देश

- इस महाविद्यालय के लिए जारी प्रथम चयन सूची में चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन ही इस महाविद्यालय में होगा। यदि आपका नाम चयन सूची में नहीं है, तो किसी भी परिस्थिति में नामांकन नहीं होगा, इसलिए किसी के झाँसे में नहीं आएं।
- सामान्य वर्ग/ई. डब्लू. एस. वर्ग/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग के सभी छात्रों से ली जाने वाली निर्धारित शुल्क राशि–

  **प्रैक्टिकल वाले सभी विज्ञान एवं कला से संबंधित विषय के लिए शुल्क राशि–2955.00**
  **बिना प्रैक्टिकल वाले कला से संबंधित विषय के लिए शुल्क राशि– 2355.00**
- निर्धारित शुल्क की राशि महाविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही जमा करना है। साथ ही यह ध्यान रखें कि महाविद्यालय में किसी भी प्रकार का कैश पेमेंट नहीं लिया जाता है।
- राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में **सभी कोटि की महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं से नामांकन संबंधित शुल्क नहीं लिया जाएगा।**
- यदि छात्र/छात्रा द्वारा आरक्षण कोटि के अधीन नामांकन हेतु आवेदन किए है तो ऐसे अभ्यर्थियों को आरक्षण कोटि का प्रमाण पत्र अभिलेख सत्यापन के समय निश्चित रूप से देना होगा अन्यथा आपका नामांकन नहीं हो पायेगा।
- यदि ऑनलाइन नामांकन आवेदन के समय अभ्यर्थी का आरक्षण कोटि, प्राप्तांक एवं लिंग संबंधी कोई विसंगति उजागर होती है तो इस परिस्थिति में अभ्यर्थी का नामांकन रद्द करते हुए विश्वविद्यालय को सूचित किया जाएगा।
- परीक्षा संबंधी विनियमन के अनुसार **छात्र/छात्राओं की वर्ग कक्ष में कम–से–कम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इससे कम उपस्थिति वाले छात्र/छात्राएं परीक्षा प्रपत्र नहीं भर पायेंगे।**
- नामांकित छात्र/छात्राओं का प्रेरण वर्ग (Induction Programme) की सूचना अलग से दी जाएगी। जिसके लिए महाविद्यालय के Whatsapp Channel अवश्य Follow करें।

R.N.A.R. College
WhatsApp channel

Raushan 27/06/2026

R. Ram 27.06.26
प्रधानाचार्य
**Principal**
**R.N.A.R. College**
**Samastipur**

Estd - 1968

# RAM NIRIKSHAN ATMA RAM COLLEGE

## SAMASTIPUR- 848101 (BIHAR)

(A Constituent unit of L.N. Mithila University, Kameshwarnagar, Darbhanga)

062-74222168 E-mail: principalrnar@yahoo.in Website: www.rnarlnmu.ac.in

**Office of the Principal**

**कार्यालय–आदेश**

**अभिलेख सत्यापन कोषांग (Paper Verification Cell)**

| क्रम सं. | शिक्षक का नाम | कार्य भार/ कार्यवृत्त | आवंटित मेजर कोर्स/ विषय | आवंटित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. मो. जियाउल हक | पेपर वेरिफायर | Urdu & History | Dept. of Urdu (Block -D) |
| 2. | डॉ. विरेन्द्र कुमार दत्ता | पेपर वेरिफायर | Hindi | Dept. of HIndi (Block -D) |
| 3. | डॉ. स्मिता कुमारी | पेपर वेरिफायर | Psychology & Physics | Dept. of Psychology (Block -C) |
| 4. | डॉ. रत्न कृष्ण झा | पेपर वेरिफायर | Sanskrit, Maithili, Philosophy & Math | Dept. of Maithili (Block -D) |
| 5. | डॉ. प्रभु रंजन सिंह गौंड | पेपर वेरिफायर | Geography | Dept. of Geography (Block -C) |
| 6. | डॉ. प्रमोद कुमार | पेपर वेरिफायर | Chemistry | Dept. of Chemistry (Block -C) |
| 7. | डॉ. अमित कुमार यादव | पेपर वेरिफायर | Botany & Pol. Science | Dept. of Botany (Block -F) |
| 8. | डॉ. प्रतिमा प्रियदर्शनी | पेपर वेरिफायर | English & Economics | Dept. of English (Block -B) |
| 9. | डॉ. निकेन्द्र कुमार | पेपर वेरिफायर | Zoology | Dept. of Zoology (Block -F) |

नोटः– अभिलेख सत्यापन से संबंधित शिक्षक आवंटित विभाग में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक पेपर सत्यापन करेंगे।

R. Roushan 27.06.26

प्रधानाचार्य
Principal
R.N.A.R. College
Samastipur

Roushan 27/06/2026